हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरूप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रूप का पूजन होता है। माता का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्याधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रूप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# लापरवाही: वन-वे नहीं था मार्ग, सड़क हादसे में पदयात्री की मौत

## पदयात्रा मार्ग पर मनकी के पास सुबह हुई घटना, वाहन चालक की जांच में जुटी पुलिस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दूसरे दिन मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने के लिए जा रहे पदयात्री के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। भिलाई निवासी छात्रा को लापरवाही से भागती चार पहिया वाहन थार ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमनी पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस और जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है, जिस मार्ग से हर साल हजारों लोग पदयात्रा करते हैं, उस मार्ग को इस बार वन-वे ही नहीं किया गया था। यही कारण था कि जिस रास्ते पर पदयात्री चल रहे थे, वहां चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार गति से दौड़ रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घासी दास नगर जामुल निवासी महिमा साहू 20 वर्ष मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने हेतु पदयात्रा करते डोंगरगढ़ जाने के लिए निकली थी। उसके साथ उक्त क्षेत्र के अन्य पदयात्री भी शामिल थे। मंगलवार को सुबह नेशनल हाईवे में सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनकी के पास वे लोग पहुंचे ही थे कि लापरवाही से भागती कार के चालक ने महिमा को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई थी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवती को उपचार हेतु भिलाई सेक्टर-9 चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमनी पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है।ज्ञात हो कि नवरात्र पर्व के दौरान बड़ी संख्या में पदयात्रियों का डोंगरगढ़ आवागमन होता है। जिसके चलते हाइवे में वाहनों के लिए वन-वे किया गया है। इसके बाद भी हादसा होने से पदयात्रियों में चिंता होने लगी है।



### टॉपर थी मृतिका छात्रा



मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी छात्रा महिमा साहू स्टेट टॉपर थी। उसने 2023 की बोर्ड परीक्षा में प्रदेशभर में छठवा रैंक प्राप्त किया था। मृतिका छात्रा की मां की भी पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में वह अपने पिता के साथ अकेली रहती थी। गरीबी में बेटी का पालन पोषण करने वाले पिता को बेटी की मौत के बाद काफी झटका लगा है।

### हादसे के बाद किया वन-वे

नवरात्र पर्व पर हर बार देखा गया है कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए पैदल जाते हैं। खासकर शारदीय नवरात्र पर पदयात्रियों की संख्या अधिक रहती है। ऐसे में पदयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए हर बार जिला प्रशासन और पुलिस महकमा रूट को वन-वे कर देता है, परन्तु इस बार ऐसा नहीं किया गया था। हादसे के बाद हरकत में आए प्रशासन ने रूट को आनन-फानन में वन-वे किया।

### दावा: 1000 जवान की जिले में की गई तैनाती

पदयात्री की सड़क हादसे में मौत के बाद पुलिस के सुरक्षा को लेकर किए गए दावे पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा था कि नवरात्र को लेकर एक हजार जवानों की तैनाती की गई है। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बायपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है, लेकिन नवरात्र के दूसरे दिन ही सड़क हादसे में मौत के बाद पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो गए हैं।

# पदयात्री मार्ग में मोपेड सवार बुजुर्ग की हादसे में मौत

**राजनांदगांव।** पदयात्री ग्रामीण मार्ग में सोमवार शाम मोपेड से शहर की ओर आ रहे एक बुजर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना पर सुकुलदैहान पुलिस चौकी मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के लालबाग सिंधी कालोनी निवासी गोपाल दास वल्यानी उम्र लगभग 65 - 70 वर्ष सोमवार शाम लगभग साढे 6-7 बजे मोपेड में सवार होकर पदयात्री ग्रामीण मार्ग सुकुलदैहान की ओर से राजनांदगांव शहर की ओर आ रहे थे। बताया गया कि वे ग्राम लिटिया के पास पहुंचे ही थे कि दुर्घटना के शिकार हो गए। जिससे मोपेड सहित नीचे रोड पर जा गिरे। जिससे उनके सिर में गंभीर चोंट आया था। इस घटना में मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। इधर इस मामले में सुकुलदैहान पुलिस चौकी जांच कर रही है। इस घटना की खबर से सिंधी कालोनी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

## विस अध्यक्ष आज आएंगे

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 24 एवं 25 सितम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष दोपहर 3.30 बजे सांकरा पहुंचेंगे और स्कील डेव्लपमेंट विभाग द्वारा संचालित केन्द्र का निरीक्षण एवं प्रमाण-पत्र का वितरण करेंगे। वे शाम 4.30 बजे स्पीकर हाऊस से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेंगे एवं वन विभाग के मां बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण करेंगे। वे शाम 6.15 बजे विश्राम गृह से प्रस्थान कर शाम 6.20 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ पहुंचकर दर्शन करेंगे। डॉ. रमन शाम 7 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे।



स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

मोदी सरकार को धन्यवाद
₹ 40,000 से ₹1,05,000 तक बचत पायें।
GST 12% नही अब सिर्फ 5%
नवरात्रि की अग्रिम बधाई
शुरुआत प्रगति की!
JOHN DEERE
जहाँ तकनीक मिलती है परम्परा से
सस्ता नहीं अच्छा लो
बुकिंग प्रारंभ
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
बंदना ट्रॉली के अधिकृत विक्रेता
सभी कम्पनियों के पुराने ट्रैक्टर टीप-टॉप कंडिशन में उपलब्ध है.
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

सहेली PRESENTS DIAMOND & GOLD UTSAV
हीरों से सजाइये अपनी खुशियों के पल
नवरात्रि एवं त्योहारों के पावन पर्व को बनाइये और भी शुभ, हीरों एवं सोने से जड़े आभूषणों के साथ, वो भी अविश्सनीय कीमतों पर
Upto 100% off on Diamond Jewellery Making Charges
Making charges starts at just 8% On all Gold Jewelleries
SHOP & WIN
JEETO DHAN DHANA DHAN
प्रत्येक ₹9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार
बंपर ड्रॉ
1st टाटा टिआगो 1 no
2nd होण्डा एक्टिवा 1 no
3rd रेफ्रिजरेटर 3 nos
4th पार्टी स्पीकर 5 nos
5th एयरफ्रायर 10 nos
6th ईयर बड्स 25 nos
मात्र 25% राशि देकर आज के भाव से बुकिंग करायें। भाव बढ़ने पर बुकिंग भाव से और भाव कम होने पर कम भाव से अपने गहने ले जाएँ, चाहे भाव बढ़े या घटें फायदा आपका
शुद्धता जिस पर आप भरोसा कर सकें
सहेली ज्वेलर्स
भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558
ALL DAY OPEN
PARKING AVAILABLE
CREATIVE HUB ADVERTISING




## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा पत्रिका का वितरण



**बांधाबाजार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा जागरूकता लाने के उद्देश्य से विद्यालय, महाविद्यालय एवं आम लोगों के मध्य जाकर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेश को पहुंचा रहे हैं। गत दिनों गुंडरदेही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को विचार क्रांति अभियान से जुड़ने प्रेरित करते हुए प्रज्ञा अभियान पाक्षिक का वितरण किया।

### ऊर्जा संरक्षण पर संगोष्ठी



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में ऊर्जा संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में ऊर्जा के परम्परागत, गैर परंपरागत, नवीकरणीय और अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों पर चर्चा की गई। प्राचार्य आरके देवांगन ने बताया कि एक निश्चित समय पश्चात अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों के भंडार समाप्त हो जाएंगे जिसे देखते हुए जल, पवन और सौरऊर्जा की उपयोगिता बढ़ाना होगा। व्याख्याता रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी ने ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी खपत को कम करते हुए निर्भरता को खत्म करने की बात कही। यूथ एण्ड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि ऊर्जा की खपत को कम करना ही संरक्षण का सही तरीका है। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, चंद्रा देबनाथ , पवन सिन्हा, रीना बोरकर, वेद प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

### रामधुनी में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष



**छुरिया।** ग्राम दानीटोला और लालूटोला में गत दिनों रामधुनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, जनपद सदस्य हरिला चंद्रवंशी, भूपेंद्र नायक भी उपस्थित थे। श्रीमती वैष्णव के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलें। सभी को जीवन में मर्यादा का पालन करते हुए धर्म के रास्ते पर चलते हुए जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। इस अवसर पर ईश्वर निर्मलकर, पलटुराम साहू, हीरूराम साहू, दिनेश महला, नकुल सोरी, मुकेश यदु, कौशल चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### कौशल दूसरी बार बने नगर साहू संघ के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** प्रदेश साहू संघ के चुनाव बाद जिला, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्राम इकाई के निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में नगर साहू संघ के चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष कौशल कुमार साहू पुनः निर्वाचित हुए हैं। नगर साहू संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।
उल्लेखनीय है कि हाल में प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष पद पर नगर के डॉ नीरेंद्र साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। श्री साहू के गृहनगर में जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के मार्गदर्शन में नगर साहू संघ का चुनाव कराया गया। वर्तमान अध्यक्ष कौशल कुमार साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष नामदेव साहू, हंसू साहू, संगठन सचिव घनश्याम साहू, लोकेश्वरी साहू निर्वाचित हुए हैं। चुनाव के दौरान पर्यवेक्षक मोहनीश साहू, सीएल हिरवानी तथा चुनाव अधिकारी लविंद्र साव, धर्मेंद्र साहू थे।इस दौरान अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, गुमान साहू, गुलशन हिरवानी, सुरेन्द्र साहू, डीकेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, माधव साहू, यशवंत साहू, धनराज साहू, डा नरेन्द्र साहू, नारायण साहू, जागेश्वर साहू, कृष्णा साहू, गिरधर साहू, एनएल साहू, महेश्वर साहू, हरिशंकर साहू, अर्जुन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## धर्मनगरी में नवरात्र पर्व की धूम

# जगमगाए ज्योति कलश, देवी मंदिर हुए भक्तों से गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के पहले दिन ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, शीतला मंदिर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में विधि विधान के साथ ज्योति कलशों की स्थापना की गई। उपर मंदिर में 7901, नीचे मंदिर में 901, शीतला मंदिर में 59, सतबहिनी मंदिर में 11 ज्योति कलशों की स्थापना ग्राम देवी देवता, छिन्न मस्ता माता, कालका माता एवं काल भैरव के आव्हान के साथ किया गया।
शाम 7 बजे उपर मंदिर और रात्रि 9 बजे माता की आरती अभिषेक के साथ आचार्यो सहित बैगा दीपक उईके एवं ओमकर महोबिया ने माता की प्रथम ज्योत की स्थापना कर प्रज्जवलित किया। जिसके बाद ट्रस्ट समिति के कार्यकर्ताओं ने अन्य ज्योति का प्रज्जवलित किया। नवरात्र के पहले दो दिन में हजारों दर्शनार्थियों ने माता के दर्शन कर आर्शिवाद लिया। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, भाजपा के धरमलाल कौशिक, सांसद संतोष पांडे, पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने माता के दर्शन किए।





### मंदिर परिसर में वाई-फाई सेवा प्रारंभ

नवरात्रि के शुभारंभ पर भारत संचार निगम लिमिटेड ने सराहनीय डिजिटल पहल की गई है। छत्तीसगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार छबलानी एवं रायपुर बिजनेस एरिया के महाप्रबंधक टीके मार्कम के निर्देशन में बीएसएनएल ने चैनल पार्टनर्स के सहयोग से माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर को निःशुल्क वाई-फाई सेवा प्रारंभ किया है। मंदिर आने वाले श्रद्धालु निःशुल्क इंटरनेट सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इस सेवा को शुरू करने में दुर्ग आपरेशन क्षेत्र के सहायक महाप्रबंधक राजेश कश्यप एवं संजय नेताम का विशेष योगदान रहा।

### मेडिकल कैम्प का आयोजन

छिरपानी प्रांगण में शंकराचार्य मेडिकल तथा नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान तथा मंदिर ट्रस्ट समिति के सहयोग से 9 दिवसीय निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। कैम्प का उद्घाटन नवरात्रि के पहले दिन सांसद संतोष पांडे ने किया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, महेंद्र भाई पटेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, आईटीबीपी के रिटायर्ड कमांडेंट तरुण कुमार, आनंद इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ दीपक शर्मा, शंकराचार्य ग्रुप की डायरेक्टर डॉ मनीषा शर्मा मौजूद थे। इस मौके पर स्वागत के बाद सांसद पांडे ने मेडिकल कैंप आयोजित करने के लिए डॉ दीपक शर्मा, डॉ मोनिशा शर्मा तथा शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के ग्रुप को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ वीणा राजपूत, डॉ रवीना, डॉ अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित थे।



# अग्रसेन महाराज की निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती समारोह के तहत 18 सितंबर को विभिन्न प्रतियोगिता की शुरूवात की गई।
अग्रवाल समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाल कर एक रूपया एक ईंट के नारे के साथ धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में गौरव को यथावत रखते हुए न्याय धर्म, दान की परंपरा को कायम रखने की अपील की।



शोभायात्रा के समापन पर माता लक्ष्मी और अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना किया गया। सामाजिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रायपुर के अमित खेमुका थे। अध्यक्षता संतोष अग्रवाल ने की।

### प्रतिभागियों का सम्मान

आयोजन के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं और 5 दिन तक आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समाजिकजनों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हुकुमचंद अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, कमल किशोर लोहिया, गोविंदलाल अग्रवाल थे। अतिथियों सहित स्थानिय वरिश्ठ जनो का अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल, नव युवक मंडल एवं बालिका मंडल ने स्वागत किया। अतिथियों का परिचय गोवर्धन अग्रवाल, चेतन अग्रवाल ने दिया। अतिथियों का अग्रवाल सभा ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, रितेश पचेरी, कन्हैया मोदी, पूनम बिंदल, कैलाश गोयल, नवदीप अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रितू अग्रवाल, मीरा नरेडी, संध्या नरेडी, मनमोहन अग्रवाल, आयुषी नरेडी, गणेश नरेडी, मेघा अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल, पूनम श्रीराम अग्रवाल, सौरभ पचेरी, नेमीष अग्रवाल, बिरेन्द्र अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, मयुर बिंदल, सौरभ भूत, अनमोल एवं अंश पचेरीवाल सहित अन्य शामिल हुए।

# मिलन समारोह में शिक्षकों का सम्मान



**बांधाबाजार।** विकासखंड स्तरीय शिक्षक मिलन सम्मान समारोह का आयोजन छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन और टीचर्स एसोसिएशन संघ के सहयोग से शनिवार को किया गया। फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष कीरत गणवीर और एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा थे। अध्यक्षता पुनाराम सिन्हा ने की। विशेष अतिथि गोपी राम वर्मा, रमेश साहू, संदीप साहू, दिनेश कुरेटी, कीरत गणवीर थे।
शुभारंभ के बाद संगठन के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया गया। जिन शिक्षकों का सम्मानित किया गया उसमें राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू, सतीश लहरे, गौकरण सिन्हा, सुरेंद्र घावड़े, विनोद यदु, कार्तिक धृतलहरे, दिग्विजय नेताम, सुरेश साहू, नारायण गिरी गोस्वामी, अश्वनी साहू, केदारनाथ जोगी, चेतन दुबे, बनेश मेश्राम, विभोर अग्रवाल, नरेंद्र साहू, दिनेश कोसा, दिनेश जगनायक, हृदयराम वर्मा, लूनकरण साहू, वर्षा पाठक, दयाराम निषाद, अविनाश मानिकपुरी, योगेंद्र वर्मा, इरफान शबनम, रत्नदीपा कोसरिया, पुष्पलता खोब्रागढे, अर्चना मानिकपुरी, हेमलता साहू, कल्पलता चंद्रवंशी, चमेली देवांगन, पदमा सेवता, नीलकमल रामटेक, चुनेन्द्र चमन साहू, राजीव टेमरे, आनंद चंद्रवंशी, परमेश्वर चंद्रवंशी, धनेश्वरी, भूपेंद्र देहारी, रीना नांदेश्वर, दिलीप सिन्हा, कोमल साहू, विष्णु साहू, लोकेश साहू, गिरधारी सहारे, भगवानी कन्नौज, जयचंद मालेकर, प्रवीण रावटे, जागेश्वर देशमुख, खिलावन नेताम, गिरधारी सहारे आदि शामिल थे। संचालन राजेश देवांगन और आभार प्रदर्शन कीरत गणवीर ने किया।

# फसल बीमा में फर्जीवाड़ा, जांच करने पहुंचे अधिकारी

## खेत में लगाया केला, बीमा चना फसल का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

खेत में केला लगाने के बाद फसल बीमा में चना की बोनी दर्शाकर लाखों का फर्जीवाड़ा करने की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने आदेश पर जांच टीम का गठन किया गया है। चार सदस्यीय जांच टीम ने सोमवार को आमगांव पहुंचकर मामले की जांच शुरू की।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसल वर्ष 2024-25 में ढाई हजार हेक्टेयर का किसानों ने बीमा कराया था । बीमा कंपनी ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को किया है। ग्राम पंचायत आमगांव में लगभग 170 एकड़ में केले एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल लगाने के बाद बीमा कंपनी ने बिना जांच पड़ताल के फसल बीमा कर लाखों के दावा का भुगतान किया है। इस भुगतान में बीमा कंपनी के एजेंट एवं कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।



### निष्पक्ष हो जांचः छन्नी साहू

शिकायतकर्ता और पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हुए फर्जीवाड़ा की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


### लोकसेवा केन्द्र संचालक का बयान दर्ज

टीम ने लोकसेवा केन्द्र के संचालक परमेश्वर साहू एवं उसकी पत्नी गंगेश्वरी साहू का बयान दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि जिन 34 खसरों में केले की फसल में चना बीमा दर्शाकर फर्जीवाड़ा करने के मामले में उनकी संलिप्तता पाई गई है।

### 34 खसरों में चना की खेती

जानकारी के अनुसार जिन 34 खसरों की जमीन पर बीमा कम्पनी ने चना बीमा किया था उन खसरों में 12 महीने केला अन्य सब्जी वर्गीय फसल लगी रहती है। केला लगे खेत में चना का बीमा दर्शाकर लाखों का फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया था।इस मामले की शिकायत पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने अनुविभागीय कृषि अधिकारी से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था जिसमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी एसएल देशलहरे, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एसएल पन्द्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी छुरिया जीपी साहड़े, जिला समन्वयक नोहर बंजारे एवं तहसीलदार विजय कोठारी शामिल है। जांच टीम के सदस्यों ने आमगांव के रैलिस बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा, सुदर्शन शर्मा के नाम से 34 खसरों की 50 हेक्टेयर में हुए फर्जी फसल बीमा के मामले में संबंधितों से बयान दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

### शतरंज में लक्षिता विजेता



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अंडर 14 स्कूल गेम्स अंतर्गत शतरंज में डोंगरगढ़ की लक्षिता राठी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। संस्कार प्ले स्कूल की कक्षा सातवी की छात्रा लक्षिता राठी पिता मनीष राठी ने शतरंज खेल अंडर 14 बालिका वर्ग में राज्य स्तरीय शतरंज स्कूल गेम्स में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुंगेली में आयोजित यह स्पर्धा अंतर्राष्टीय नियमों के तहत पांच चक्रों में आयोजित की गई। लक्षिता राठी ने चार पाइंट बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हे अतिथियों ने सर्टिफिकेट ट्रॉफी प्रदान किया। वर्तमान में लक्षिता की रेटिंग 1550 है। यह जानकारी मो शहरयार ने दी।

### कवि सम्मेलन आज

**डोंगरगांव।** निकटवर्ती ग्राम अमलीडीह में नवरात्रि के मौके पर कल 24 सितंबर को रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी अर्जुनी, संतुराम गंजीर खुर्सीपार, अरविंद लाल चिचोला, लखन साहू मोखला, मनीष साहू, महेंद्र बघेल , डोंगरगांव काव्यपाठ करेंगे

### गोपाल अग्रवाल का निधन



**डोंगरगढ़।** नगर के व्यापारी गोपाल अग्रवाल (आलू वाले ) का निधन मंगलवार को दोपहर 2 बजे नागपुर में हो गया। वह गणपत अग्रवाल के पिता एवं वरुण अग्रवाल के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार कल 24 सितंबर को सुबह 10 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# बाइक के दाम घटे, सफर हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए जीएसटी में व्यापक बदलाव किया है। यह बदलाव नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो गया है। आम उपभोक्ता वस्तुओं को जहां दो स्लेब में बांटा गया है वही कई वस्तुओं को टेक्स के दायरे से बाहर कर दिया गया है।
जानकारी के अनुसार जीएसटी कौंसिल ने आटोमोबाईल सेक्टर में भी बदलाव किया है। कौंसिल ने छोटी कार 200 सीसी, मिड साइज कार, डीजल कार में 10 प्रतिशत टेक्स कम किया है। वही हाइड्रोजन कार में 7 फीसदी कमी की गई है। मध्यम वर्गीय लोगों के सफर को आसान बनाने के लिए बाइक्स 200 सीसी तक में 10 प्रतिशत टेक्स कम किया गया है।

### बाइक्स के दाम घटे

संदीप ऑटो के शीतल लोढ़ा ने बताया कि जीएसटी स्लेब में बदलाव के बाद बजाज की सभी बाइक के दाम में कमी आई है। उन्होंने बताया कि लोगों की पसंदीदा प्लेटीना 100 ईएसएन एक्सटी में 53 सौ, सिटी 100 में 54 सौ, पल्सर 125 के दाम में 63 सौ रूपए की कमी आई है। सर्वाधिक 13800 रूपए की कमी डोमिनर 250 में आई है। राकेश होंडा के संचालक ने बताया की होंडा के सभी मॉडल के दाम घटे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की बेहद पसंदीदा एक्टीवा के विभिन्न माडल के दाम में 6874 से 7989 रूपए तक कमी आई है। इसी प्रकार साइन 100 सीसी 2 बी के दाम 5691, 100 डीएक्स 6106, 125 ड्रम 2 बी के दाम में 7078 रूपए की कमी आई है। अतुल मोटर्स के राजेश द्विवेदी ने बताया कि हीरो के एचएफ डीलक्स में 5617, पेशन 6409, स्पेलंडर 6820, डेस्टीन 7022, ग्लेमर 7423 और एक्स प्लस में 7813 रूपए की कमी आई है।

### दिखने लगा असर

सरकार के फैसले के बाद बाइक के दामों में कमी आई है है। बाइक बिक्रेताओं ने स्लेब के अनुसार टेक्स कम कर बाइक बेचना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या लोग वाहनों की खरीदी करते है। ऐसा माना जाता है इस दौरान वाहन खरीदी करना शुभ होता है। नवरात्रि के पहले दिन से ही लोग बाइकों के शो रूम पहुंच कर ने दाम और पसंदीदा मॉडल की जानकारी लेने के साथ बुकिंग भी करा रहे हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## सार समाचार

### अग्रहरि समाज ने मनाया अग्रसेन जयंती

**राजनांदगांव।** श्री महाराजा अग्रसेन के वंशज अग्रहरि वैश्य समाज राजनांदगांव द्वारा स्थानीय अग्रहरि भवन में हर्षोल्लास के साथ महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती मनाई गई। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता राजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल द्वारा भजनों से हुई। तत्पश्चात महाराजा श्री अग्रसेन एवं मां दुर्गा की पूजा व आरती की गई। समाज के संरक्षक रामकिशोर द्वारा देवी जस प्रस्तुत किया। इसके बाद फलाहारी एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में संरक्षण श्याम चरण, राजेश कुमार, रमेश कुमार, रामकिशोर, गौरीशंकर, मनोज कुमार, नवीन, राकेश कुमार, संजय कुमार, प्रवीण,अशोक कुमार, शैलेंद्र कुमार, घनश्याम, राधेश्याम, दीपक, प्रज्वल, रज्जन, श्रीकांत, योगेश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, अमित, अरविंद, कैलाश, महिला मंडल की सचिव अलका अग्रहरि, महिला संगठन के सदस्य, युवा संगठन के अध्यक्ष डॉ. सुबोध अग्रहरि के साथ कार्यकर्ताओं और बच्चों ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।



### बसंतपुर में मनाई गई अनागारिक-धम्मपाल जयंती

**राजनांदगांव।** जिले की महिला सशक्तिकरण संघ इस वर्ष भी संयुक्त रूप से अनागारिक-धम्मपाल जयंती समारोह उल्लास के साथ धम्मकीर्ति बौद्ध विहार बसंतपुर में मनाई गई। जिसमें भारत की धरती में जन्मे संत महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन से शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने अनागारिक धम्मपाल के बौद्ध धर्म एवं समाज के प्रति किए गए कार्यों को बताया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण संघ के सदस्य एवं धम्मकीर्ति बौद्ध विहार बसंतपुर के उपासक एवं उपासिका शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष बुद्धिमित्रा वासनिक व आभार माया खोब्रागढ़े द्वारा किया गया।



### अभा पुजारी पुरोहित संघ की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की जिला स्तरीय प्रथम विशाल बैठक सोनारपारा स्थित राम जानकी बाला बाबा मंदिर में गत दिनों आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी ने बताया कि बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी समेत महंत सुरेन्द्र दास, डोमन दास वैष्णव, निधि, निखिल वैष्णव, राज दुबे शामिल थे। बैठक को संबोधित करते प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी ने कहा कि संगठन को मजबूत करना है। जिससे संगठन की बात शासन तक आसानी से पहुंचाया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि मंदिरों से अवैध कब्जा हटाया जाएगा। जिससे मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने भी अपने विचार रखे।



### रक्तवीरों का हेलमेट पहनाकर सम्मान

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर एवं नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न हुआ। तिलई मंडल में पहली बार 150 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर तिलई एवं घुमका मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका में आयोजित शिविर में 150 से अधिक रक्तदान करवाया।रक्तदान में आए रक्तवीरों को हेलमेट प्रदाय कर सम्मानित किया गया।



### कृषि अधिकारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़।** कृषि विभाग में कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी और विकास अधिकारियों ने अपनी नौ सूत्रीय मांग को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय प्रदर्शन किया। अपनी आवाज बुलंद करते हुऐ रैली निकाल कर कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने वेतन मान में संशोधन, कार्य क्षेत्र का पूनर्गठन, मासिक स्थाई भत्ता में बढ़ोतरी, विभागीय कार्य संपादन को लेकर संशोधन भत्ता, विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कामों में संलग्रीकरण नही करने, आदान सामग्री की भांडारण सहकारी समितियों में करने और अनुदान को लेकर बीटी प्रणाली लागू करने और लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को अविलंब प्रारंभ करने सहित अन्य मांग शामिल है। संघ के आव्हान पर ग्रामीण कृषि विस्तार और कृषि विकास अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे है। जिसके पहले चरण में 8 व 9 सितम्बर को काली पट्टी बांधकर कार्य निष्पादन बाद सोमवार को बिना संसाधन भत्ता के आनलाईन कार्यों का निष्पादन साथ अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार को विभाग के नाम आवेदन सौंपा।




# संगठन और विधायक गुट आमने-सामने, जमकर आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सत्ता सरकार से बेदखल होने के बाद जनता से जुड़े मुद्दो को लेकर एक मंच में साझा प्रयास करने और मजबूत विपक्ष व सशक्त विरोध की जब आवश्यता है उस समय कांग्रेस की अंदरूनी कलह मचा हुआ है। पूरा मामला मिशन संडे नाम के उस समूह को लेकर है जिसे विधायक यशोदा वर्मा ने तैयार किया है।

सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित तीन से चार ब्लाक अध्यक्षों ने मिशन संडे को कांग्रेस का उपक्रम नही होना बताते हुए कहा कि कांग्रेस त्याग, तपस्या, बलिदान और सिद्धांत से भरे लोगों की पार्टी है यहॉ कांग्रेस का झंडा लेकर किसी प्रकार का भयादोहन कर चंदा वसूली करने वालों की जगह नही है। वही दूसरे दिन मंगलवार को मिशन संडे संयोजक ने आरोप लगाया कि संगठन के नेता गिरती साख को बचाने कवायद कर रहे है। इन सबके बीच दोनों पक्ष एक दूसरे की कलई खोलने और कमी बताने मे मशगूल है यह भूलकर कि पार्टी की साख का क्या होगा। एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के बाद अब जिले से बाहर के नेताओं को भी मामले मे घसीटा जा रहा है। संडे टीम ने तो स्पष्ट तौर पर कह दिया कि संगठन को जिले से बाहर का नेता चला हरा है हालांकि उन्होंने नाम नही लिया, लेकिन संगठन नेताओं का जिस हिसाब से नवाज खान से ट्यूनिंग है उससे साफ हो रहा कि टीम का इशारा उन्हीं की ओर है।

#### मिशन संडे नहीं है कांग्रेस की टीम

सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, रामकुमार पटेल, भिझेश यादव, कोमल साहू, नित्यशरण सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर मिशन संडे टीम का कांग्रेस से किसी प्रकार का लेना देना नही बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि कांग्रेस के बैनर तले भयादोहन या अवैध वसूली करता है तो उसे बाहर का रास्ता दिखाने में सेकंड भर विलंब नही किया जाएगा। चाहे वो पार्टी में कितना भी बड़ा पदाधिकारी ना हो।




#### जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर काम कर रही टीम

मिशन संडे संयोजक मनराखन देवांगन ने टीम पर लगे सभी आरोपों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कमीशनखोर मिशन संडे को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। बिना सबूत के लगाए आरोप कमीशन संडे जैसी भाषा और गढ़ी हुई कहानियां जनता को गुमराह करने की असफल कोशिश हैं। यह सब व्यक्तिगत रंजिश और कमीशन बंद होने की खुन्नस है। डॉ समीर की नियुक्ति 31 मार्च 25 को समाप्त होने के बाद भी शासन द्वारा बिना नियुक्ति आदेश जारी किए नौकरी करने की शिकायत की गई वही घर पर क्लिनीक संचालन को लेकर कलेक्टर ने जॉच के लिए डॉक्टरों की टीम गठित की है। जांच कारवाई से बचने के और झूठी सहानुभूति बटोरने इस्तीफा नाटक है। इस दौरान डॉ अरूण भारद्वाज, दीपक देवांगन, रविंद्र सिंह गहरवार, सूर्यकांत यादव, भरत चंद्राकर, शेखरदास वैष्णव, महेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

#### जिलाध्यक्ष का पूरा परिवार भाजपाई

उन्होंने जिलाध्यक्ष पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि जिनका भाई भाजपा का मंडल अध्यक्ष और बहू भाजपा की पूर्व जनपद सदस्य रही हो उन्हें पहले अपने घर का आईना देखना चाहिए फिर कांग्रेस को ज्ञान देना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने आज तक न तो भाजपा के खिलाफ मुंह खोला न कोई आंदोलन किया। कांग्रेस की कमजोरी की असली वजह यही मौनधारी नेता हैं। शहर अध्यक्ष भीखम चंद छाजेड़ पर कटाक्ष करते हुए देवांगन ने कहा 10 साल से कुर्सी की जड़ पकड़कर बैठे हैं, लेकिन कभी वार्ड की गली तक नहीं पहुंचे। भाजपा के खिलाफ शून्य बयान जनता के पक्ष में शून्य आंदोलन और कार्यकर्ताओं के लिए शून्य संवाद यही उनकी उपलब्धि है। ब्लाक अध्यक्ष पर वार करते हुए देवांगन बोले जिन्हें संगठन चलाना था वे खुद नकद वसूली समिति चला रहे हैं। जालबांधा, मड़ौदा, बाजार अतरिया, भोरमपुर, उदयपुर और सलोनी जैसी समितियों से लाखों की वसूली हुई, लेकिन नियुक्तियां आज तक अधूरी हैं और पैसे गायब।

## लोक निर्माण विभाग का किसानों ने किया घेराव

# सड़क निर्माण में गई जमीन, 3 साल से मुआवजे के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले डोंगरगढ़ विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दीवानटोला और नवागांव के किसान सड़क निर्माण में प्रभावित हुई अपनी जमीन के मुआवजे के लिए लगभग 3 वर्षों से दफ्तरों की खाक छान रहे। ठेकेदार से लेकर इंजीनियर और विभागीय अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों के पास कई बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिली है। जिससे नाराज किसानों ने आज लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव कर दिया।

यहां पहुंचे किसानों ने कहा कि लगभग 3 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। 50 प्रतिशत सड़क निर्माण का कार्य भी पूरा हो गया है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई उनकी भूमि का मुआवजा नहीं दिया गया है। पीड़ित किसानों ने बताया कि दीवानटोला से नवागांव तक सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें पांच नवागांव के और 5 दीवानटोला के 5 किसानों की जमीन सड़क निर्माण के लिए ली गई है। ठेकेदार, सब-इंजीनियर कहते हैं कि मुआवजा नहीं मिलेगा, इसलिए यहां घेराव करने पहुंचे हैं।

### दीवानटोला और नवागांव के किसान प्रभावित



#### बगैर मुआवजा निर्माण रोकने मांग

किसानों के साथ पहुंचे कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि जब तक किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है, तब तक इस सड़क का निर्माण कार्यों नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह से और भी जगह पर किसानों को मुआवजा दिए बिना अगर निर्माण कार्य किया जाता है तो इसका विरोध किया जाएगा और चक्काजाम भी होगा।

#### किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे प्रभावित किसानों को एक माह के भीतर मुआवजा राशि दिए जाने का आश्वासन मिला है। किसानों ने कहा कि अगर मुआवजा राशि नहीं दिया जाएगा तो आंदोलन किया जाएगा।

#### किसानों को धमकाने की शिकायत

अपनी जमीन के मुआवजा के लिए विभागों के चक्कर काट रहे किसानों ने डोंगरगढ़ एसडीएम को बीते अप्रैल माह में भी ज्ञापन देकर मुआवजा नहीं मिलने तक निर्माण कार्य रोकने और जल्द मुआवजा देने की मांग की थी, लेकिन इसके बाद भी किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। क्या उल्टे सब-इंजीनियर द्वारा मुआवजा नहीं मिलने को लेकर किसानों को धमकाया जाता रहा। जिसकी शिकायत आज किसानों ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता के समक्ष की है।

# कृषि अधिकारी संघ ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। वहीं बरसते पानी के बीच रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन के प्रांतीय आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन करते शासन का ध्यानाकर्षण करने धरना प्रदर्शन किया गया। आज अपने आंदोलन के तृतीय चरण में कर्मचारियों ने एक दिवसीय अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

#### बारिश के बीच निकाली रैली

धरना प्रदर्शन स्थल से ज्ञापन देने के लिए बड़ी संख्या में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी कराने मूसलाधार बारिश के बीच भी रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

#### लंबित मांगे पूरी करने ज्ञापन

अपने धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का मासिक स्थायी भत्ता में वृद्धि कर 2500 करने, विभागीय कार्य संपादन हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों को मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि हेतु संसाधन भत्ता देने, विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्र भत्ता देने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को संशोधित कर मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर कृषि विस्तार अधिकारी करने सहित अपनी अन्य मांगे रखी है।

## रनर्स ग्रुप, हॉफ मैराथन की तैयारी

**राजनांदगांव।** आगामी 16 नवंबर को राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर संस्था के लोगों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राजनांदगांव रनर्स के अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल ने बताया कि इस हॉफ मैराथन के आयोजन में देशभर के प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इसमें तीन केटेगिरी रखी गई है। जिसमें 5, 10 और 21 किलोमीटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महिला और पुरूष वर्ग में नगर पुरस्कार दिए जाएंगे। जिसमें 21 किलोमीटर के लिए 1 लाख, 10 किलोमीटर के लिए 51 हजार और 5 किलोमीटर के लिए 21 हजार दिया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया गया कि हाफ मैराथन के अयोजन में 10 वर्ष आयु वर्ग से शामिल हो सकते हैं। आयोजन की शुरूआत गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम से होगी, जहां धावक अलग-अलग कैटेगरी के रूट तय करते हुए समापन स्थल पर पहुंचेंगे। यहां सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा इवेंट होगा ।

#### रजिस्ट्रेशन फीस में छूट

हाफ मैराथन के आयोजन को लेकर बताया गया कि इसका रजिस्ट्रेशन फीस 15 अक्टूबर तक 999 रुपए और फिर इसके बाद 1199 होगी। वही इवेंट में शामिल होने वाले धावकों को पिट्ठूबैग, टी-शर्ट, इलेक्ट्रॉनिक चिप रनिंग चेस्ट बीप दिया जाएगा और अन्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संस्था से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# लाखों के नशीले पदार्थ किए गए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ के दौरान 59 मामलों में तिरपन लाख, बारह हजार, सौ रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया गया किया गया था। जिसका नष्टीकरण किया गया।

पुलिस के अनुसार राजनांदगांव जिले में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के पहल पर समस्त थाना व चौकी में जब्त मादक पदार्थ जो न्यायालय के निराकरण पश्चात थानों के मालखानों में रखे हुए थे, को एकत्रित करवाकर विधिवत नष्टीकरण कराया जाने हेतु निर्देशित किया गया था।



#### भस्मीकरण यंत्र को किया नष्ट

जिसके तहत 23 सितंबर को जिला राजनांदगांव के समस्त थाना व चौकी द्वारा अपराध में जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली टेबलेट, कैप्शूल, ब्राउन शुगर, अफीम एवं चरस को एकत्र कर थाना भिलाई भट्ठी क्षेत्र अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र जिला दुर्ग के एसएमएस-3 भस्मीकरण यंत्र में नष्टीकरण की कार्रवाई की गई।

#### अधिकारियों की रही उपस्थिति

उक्त कार्रवाई जिला राजनांदगांव स्तरीय नष्टीकरण औषधि निपटान समिति की देखरेख में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी विभाग जिला अभिषेक तिवारी नष्टीकरण कार्रवाई के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र में संपूर्ण नष्टीकरण कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहे।

#### ब्राऊन शुगर सहित अन्य मादक पदार्थ का नष्टीकरण

जिले के कुल 59 प्रकरणों के जब्त अवैध मादक पदार्थ का नष्टीकरण किया गया। जिसमें गांजा 562.511 किलोग्राम, नशीली टेबलेट 5974 नग, नशीली कैप्सूल 30 नग, प्रतिबंधित सीरप 114 नग, ब्राउन शुगर 55 ग्राम, अफीम, चरस 158.05 ग्राम कुल कीमती 53,12,100 तिरपन लाख बारह हजार एक सौ रुपए को भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 भस्मीकरण यंत्र में विधिवत नष्टीकरण किया गया।

# सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

- सरपंच की गिरफ्तारी की मांग

**राजनांदगांव।** बीते दिनों बोरतलाव सरपंच कैलाश उके द्वारा ग्रामसभा की बैठक के दौरान डोंगरगढ़ जनपद सदस्य एवं गोंड महासभा की महिला अध्यक्ष सरिता मंडावी को जातिगत गाली-गलौज के मामले में कार्रवाई हेतु सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई द्वारा कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, और मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया गया है। बीते 28 अगस्त को ग्राम पंचायत बोरतलाव के आश्रित ग्राम छिंदी जोब में ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई थी।

क्षेत्र की जनप्रतिनिधि होने के नाते सरिता मंडावी भी उक्त बैठक में पहुंची थी। पूर्व में वह ग्राम पंचायत बोरतलाव की सरपंच भी थी। बैठक के दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की शेष राशि एवं मानदेय की राशि वर्तमान सरपंच कैलाश उके से जारी करने की बात कही। वार्तालाप के दौरान सरपंच कैलाश उके ने सरिता मंडावी को ग्रामसभा की बैठक में अपशब्द कहे। समाज के लोगों का आरोप है कि जातिगत गाली-गलौज देकर सार्वजनिक रूप से उन्हें अपमानित किया गया है। ग्रामसभा के दौरान समाज के पदाधिकारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अपमान के मामले को लेकर बीते 29 अगस्त को अजाक थाना में एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है, इसके बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

वहीं बीते 12 सितंबर को भी पुलिस अधीक्षक को सर्व आदिवासी समाज द्वारा आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु लिखित शिकायत किया गया था। सर्वआदिवासी समाज ने अपने ज्ञापन में कहा है कि जिसमें अब तक गवाहों को लेकर पुलिस द्वारा पूछताछ की कार्रवाई की गई है। जिससे पीड़ित पक्ष एवं सर्व आदि समाज संतुष्ट नहीं है और गवाहों को आरोपी द्वारा पुलिस प्रशासन की मदद से डराया-धमकाया जा रहा है। जिला ईकाई सर्वआदिवासी समाज द्वारा शासन से मामले में संज्ञान में लेकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करते उसे दो दिवस के भीतर गिफ्तार करने मांग की गई है और ऐसा नहीं करने पर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है।



# मेडिकल कॉलेज रोड पर आवासीय प्लॉट उपलब्ध

बिजनेस साइट

**राजनांदगांव।** मेडिकल कॉलेज रोड पर देवकी विहार आवासीय प्लॉट विकसित किया गया है, जहां 960 वर्ग फीट से 1200 वर्ग फीट तक के प्लाट विक्रय हेतु उपलब्ध है। नवरात्रि से दीपावली तक 50 प्रतिशत एडवांस के साथ बुकिंग करने पर रजिस्ट्री फ्री का बंपर ऑफर दिया जा रहा है। देवकी बिहार आवासीय कॉलोनी में अपने सपनों का घर बनाने का सुनहरा अवसर है। यहां के शांत वातावरण में शासन के सभी नियमों के अनुसार मान्यता प्राप्त कॉलोनी विकसित की गई है। यह कॉलोनी रेरा रजिस्टर्ड, नगर निगम एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से एप्रूव्ड है। जिसमें सीमित 14 प्लाट उपलब्ध हैं। इस कॉलोनी में 30 फुट एवं 25 फुट की रोड, नाली, बिजली, पानी जैसी संपूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस कॉलोनी से मेडिकल कॉलेज मात्र 500 मीटर, नीरज पब्लिक स्कूल 100 मीटर, रेलवे स्टेशन 4.8 किलोमीटर, नया बस स्टैंड 3.8 किलोमीटर, केंद्रीय विद्यालय 2 किलोमीटर, होटल राज इंपीरियल आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्लॉट बुकिंग करने पर होम फाइनेंस जैसी सुविधा भी उपलब्ध है। यह प्लॉट मेडिकल कॉलेज रोड पर नीरज पब्लिक स्कूल के ठीक सामने काशी नगर फेज 3 से लगा हुआ है।




नवरात्रि पर्व
की हार्दिक बधाई
कुबोटा
तकनीक जापानी-दिल हिन्दुस्तानी
ये सिर्फ ट्रैक्टर नहीं, ये है प्रीमियम ट्रैक्टर
बुकिंग प्रारंभ
e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
GST छूट का लाभ उठाएं
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
सर्वश्रेष्ठ फीचर्स
सर्वश्रेष्ठ स्टाईलिस
सर्वश्रेष्ठ कम्फर्ट
कुबोटा हार्वेस्टर प्रो 68
जापान एवं भारत की
नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर
गीली एवं नमी युक्त भूमि के लिए
*नियम एवं शर्तें लागू
GST बचत
20,000 से
70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रेक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. नं. 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

## खबर संक्षेप

### दामापुर बाजार स्थित पशु औषधालय पांच वर्षों से बंद



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दामापुर-बाजार स्थित शासकीय पशु औषधालय पिछले पांच वर्षो से बंद पड़ा है। ऐसे में क्षेत्र के पशु-पालकों को अपने मवेशियों के उपचार के लिए दर-बदर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पशु औषधालय सिर्फ नाम का बना हुआ है। यहां कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते व औषधालय में ताला लगा रहता है। वहीं बीमार पशुओं के इलाज के लिए दूसरे औषधालय ले जाना पड़ता है, जिससे गौ-पालकों को समय व आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम दामापुर-बाजार स्थित औषधालय वर्षो से बंद होने के कारण गौ-पालकों तथा आसपास के ग्रामवासियों को औषधालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि कई बार गंभीर बीमारी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीणों व पशु पालकों ने जिम्मेदारों तथा शासन प्रशासन से अपील कर औषधालय में डॉक्टर व अन्य कर्मचारी नियुक्त किए जाने की मांग की गई ताकि औषधालय में समय पर खुले ताकि पशुओं का नियमित इलाज होता रहे तथा गौ-पालकों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

### पीएम श्री सेजेस में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती 2 अक्टूबर 2025 तक देश में स्वच्छता ही सेवा का पखवाड़ा संचालित है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत पिपरिया शहर के स्थानीय पीएम श्री सेजेस में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगर पंचायत पिपरिया शहर के जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम 500 रूपए, द्वितीय 300 रूपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 200 रूपए शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज नाविक द्वारा सम्मान स्वरूप पुरस्कार की राशि प्रदान किया गया। वहीं शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना स्वरूप एक-एक पेन प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज नाविक, स्कूल के प्राचार्य सतीश बंजारे और सभी विद्यालयीन शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### बांझीमौहा में नाली निर्माण का कार्य जोरों पर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के आश्रित ग्राम बांझीमौहा में नाली नव-निर्माण हेतु चार लाख रुपए की स्वीकृति राशि प्रदान शासन प्रशासन द्वारा की गई, ताकि गलियों की तस्वीर बदलकर स्वच्छ वातावरण सुंदर बन सके। बताया जाता है कि स्वीकृति राशि ग्राम पंचायत सरपंच अमित चंद्रवंशी को मिलते ही ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बांझीमौहा के प्रमुख गलियों में चार लाख रूपए की लागत राशि से नाली निर्माण का कार्य जोरों से करवाया जा रहा है, जिससे नाली नव-निर्माण होने के बाद ग्राम तथा वार्डवासियों को गंदा पानी तथा कीचड़ से राहत तथा घरों से निकलने वाले गंदा पानी बीच गलियों नहीं बहेगी। जिसमें ग्राम बांझीमौहा निवासी तोरण सतनामी के घर से लेकर जैतखाम चौक व पक्की सड़क तक नाली निकासी निर्माण कार्य होगा। जिससे वार्डवासियों को घरों की गंदा पानी से राहत मिलेगी और ग्रामवासियों को आने जाने में बहुत जल्द राहत व सुविधा मिलेगी।

## मोहतरा खुर्द में महतारी सदन के वर्चुअल उद्घाटन में शामिल हुई भावना बोहरा

# विधायक ने बा-चारभाठा व ढोरली में किया 46 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 24 लाख 70 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले महतारी सदन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और क्षेत्रवासियों को इस सौगात के लिए बधाई दी। तत्पश्चात पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनता की मांग व क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार के तहत 46 लाख 34 हजार रुपए के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। आज कुल 71 लाख रुपए से अधिक के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो की सौगात पंडरिया विधानसभा वासियों को मिली है, जिसके प्रति जनता ने मुख्यमंत्री एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

विधायक भावना बोहरा ने बताया कि प्रदेश की ग्रामीण परिवेश में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार अभूतपूर्व कार्य कर रही है। जिसमें महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है वहीं महतारी सदन का निर्माण कर उन्हें प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर की दिशा में भी अग्रसर कर रहें हैं। यह सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारी माताओं-बहनों और बेटियों के सपनों, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस भवन का मुख्य उद्देश्य हमारी ग्रामीण बहनों को एक ऐसा मंच देना, जहां वे एकत्र होकर अपनी प्रतिभा, कौशल और सामूहिक शक्ति को निखार सकें। यहां स्वयं सहायता समूह की गतिविधियां, प्रशिक्षण, सामुदायिक सभाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह सदन केवल चार दीवारी नहीं, बल्कि हमारी बहनों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का केंद्र बनेगा। यहां से वे नई दिशाएं तय करेंगी, नई ऊंचाइयों को छूएंगी और अपने परिवार व समाज को और सशक्त बनाएंगी।





### पंडरिया विधानसभा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा

श्रीमती बोहरा ने कहा कि आज प्रदेश के युवा, महिला, किसान, व्यापारी को सशक्त बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, सड़कों का निर्माण, पर्याप्त प्रकाश व पेयजल व्यवस्था स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर हो रहें हैं। पंडरिया विधानसभा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज-जनता की आकांक्षाओं और उनकी सुविधाओं तथा क्षेत्र की प्रगति के उद्देश्य से ग्राम बाजार चारभाठा में सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम ढोरली में सीसी रोड भवन निर्माण हेतु कुल 46 लाख 34 हजार रुपए की विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुग्मन आवागमन की सुविधा मिलेगी वहीं ग्राम में धार्मिक, सांस्कृतिक व विभिन्न योजनाओं के लिए उपयुक्त एवं सर्वसुविधायुक्त स्थान मिलेगा। आज पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास के साथ ही जनता की मूलभूत सुविधाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का विस्तार, चौक-चौराहों व पुल-पुलियों का निर्माण, तालाबों एवं शहरों का सौन्दर्यीकरण, बिलजी, पानी की पर्याप्त आपूर्ति एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्य ध्रुव गति हो रहे हैं। पूर्ण पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता के कार्यो से कांग्रेस शासन में पांच वर्षों तक उपेक्षित रहा हमारा पंडरिया विधानसभा आज निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है।

# धमतरी से वर्चुअल लोकार्पण, बरबसपुर में महतारी सदन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को प्रदेशभर में नव-निर्मित 51 महतारी सदनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान धमतरी जिला मुख्यालय से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े सभी विकासखंडों में महतारी सदनों के उद्घाटन समारोह आयोजित किए गए। इसी क्रम में विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत बरबसपुर में भी महतारी सदन का लोकार्पण बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। उन्होंने फीता काटकर तथा दीप प्रज्जवलित कर नवनिर्मित भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री भट्ट ने कहा कि महतारी सदन योजना ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने तथा सामाजिक समरसत्ता को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल महिला शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि पूरे प्रदेश के विकास की आधारशिला बनेगी। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में महतारी सदन की स्थापना से गांव में महिला सशक्तिकरण को नई ऊर्जा मिलेगी। यहां महिलाएं विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सामूहिक भागीदारी कर सकेंगी। साथ ही बिहान योजना से जुड़ी बहनों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। इस कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच प्रकाश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंचराम कोसले, पंचगण, बिहान योजना की बहनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# गन्ना फसल का भुगतान नहीं होने से किसानों का त्यौहार फीका: रवि चंद्रवंशी

## गन्ना किसानों को भुगतान, शक्कर वितरण, शेयर के लिए किसान कांग्रेस ने कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

- नया पेराई सत्र से पहले मूल भुगतान सहित बोनस, रिकवरी राशि नहीं मिलने पर होगा उग्र आंदोलन: रवि चन्द्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शक्कर कारखाना पंडरिया में गन्ना बेचे हुए किसानों को अपने गन्ने की भुगतान राशि का इंतजार पिछले 9 महीनों से है, जिसमें मूल भुगतान लगभग 9 करोड़, बोनस व लाभांश राशि लगभग 26 करोड़ रुपए कुल मिलाकर 35 करोड़ से अधिक का भुगतान किसानों को मिलना बाकी है। किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों को अपने ही गन्ने के पैसे के लिए कई महीनों से भटकना पड़ रहा है। पिछले महीने किसान कांग्रेस ने कारखाना का घेराव किया था तब जाकर कुछ भुगतान किसानों को हुआ था, लेकिन अभी भी पूर्ण भुगतान होना बाकी है। किसानों को भुगतान नही होने से नवरात्रि का त्यौहार फीका पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। रवि चन्द्रवंशी ने ज्ञापन देते हुए कारखाना प्रबंधन को कहा कि नया पेराई सत्र प्रारंभ होने वाला है, उससे पहले किसानों को यदि गन्ने का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस किसानों के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी। पंडरिया ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष सुभाष पूरी गोस्वामी ने कहा कि किसान आज साहूकारों से ब्याज लेकर खेती करने अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो गए है, भाजपा की सरकार किसानों को बिना पैसे के मारना चाहती है, ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से रवि, सुभाषपूरी, शत्रुहन, अजीत, वीरेंद्र, अस्वनी, सुखचंद, राजाराम, अंगद, जनक, धनीराम, दिनेश, विष्णु, त्रिलोक, रुपेश, राहुल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थें।

# कामाख्या देवी का पावन धाम कबीरधाम जिले की नैसर्गिक सौन्दर्य से विभूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर



तहसील पंडरिया में स्थापित कामरूप कामाख्या देवी धार्मिक व आस्था का एक प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। पंडरिया-कुकदुर मार्ग पर लोखान ग्राम में मैकल पहाड़ पर स्थित कामाख्या देवी का महाकाली रूप स्थापित है। साथ में त्रिदेव, गणेश तथा भैरव देव की प्रतिमा स्थापित है। पहाड़ी पर चढ़ने के लिए आधे दूर तक सीढ़ी बनी है। यहां के पुजारी पं रामानन्द मिश्रा ने बताया कि वर्तमान मूर्तियां 16 वर्ष पूर्व स्थापित की गई है। पहली बार वन अधिकारी श्री सिंह ने कामाख्या नाम दिया वे स्वयं देवी कामाख्या के भक्त थे। यहां पर नवरात्र पक्ष में मनोकामना ज्योति प्रल्लवलित होती है, यहां 2012 से अखंड ज्योति भी प्रज्वलित है। पुजारी ने बताया था कि रात्रि में प्रायः शेर मंदिर तक आते रहे हैं कभी-कभी भालू भी आते हैं। सिंगपुर में पदस्थ शिक्षक राजर्षि पाण्डेय ने जानकारी दी कि यहां विगत तीन वर्ष से बसंत-पंचमी को सामूहिक सरस्वती पूजन की जाती है, जिसमे आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षक सम्मिलित होते हैं।

## ईएमटी की सूझबूझ से 108 में गूंजी किलकारी, महिला ने दिया स्वस्थ बेटी को जन्म



**हरिभूमि कवर्धा।** संजीवनी वाहन 108 टीम ने अपनी सूझबूझ से गर्भवति महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। वहीं मां और बेटी दोनों स्वस्थ हैं, 108 संजीवनी एक्सप्रेस की तत्परता और ईएमटी की सूझबूझ से एम्बुलेंस में किलकारी गूंजी। बताया जाता है कि ग्राम गोपाल-भवना निवासी गर्भवति महिला श्रीमती पूजा नीलकंठ चंद्राकर आयु 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में भर्ती कराया था। लेकिन प्रसव जटिल होने के कारण गर्भवति महिला को उच्च संस्थान जिला अस्पताल कवर्धा के लिए रिफर किया गया। कवर्धा रिफर करने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस वाहन 108 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डॉयल 108 के ईएमटी ओमप्रकाश सिन्हा एवं पायलट चंद्रप्रकाश भास्कर, जिला अस्पताल कवर्धा के लिए रवाना हुए। वहीं रास्ते में रायपुर रोड रानीसागर के पहले गर्भवति महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी ओमप्रकाश सिन्हा ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर अंकित को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उनके सलाहनुसार परिजनों से बात कर गर्भवति महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम एम्बुलेंस को सुरक्षित खड़ी कर प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ ही क्षणों पश्चात एम्बुलेंस में बच्ची की किलकारी गूंजने लगी। गर्भवति पूजा चंद्राकर ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। इसके पश्चात मां-बेटी को जिला अस्पताल कवर्धा में शिफ्ट कराया गया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने संजीवनी एक्सप्रेस 108 टीम पिपरिया का आभार व्यक्त किया।

## स्वर्णा लेडीज ग्रुप के ऐतिहासिक विशाल गरबा के लिए तैयारी जोरों पर

# पंडरिया में तीन दिवसीय गरबा का आयोजन आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर की शान स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी महिलाओं के लिए विशाल और अत्यंत अनुशासित गरबे का आयोजन स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल मैदान में किया जा रहा है। जिससे शक्ति के आराधना का पर्व नवरात्रि के विशेष अवसर पर इस वर्ष भी तीन दिवसीय 24 से 26 सितम्बर तक गरबे का एक बार फिर से ऐतिहासिक, भव्य और विशाल गरबे का आयोजन होने जा रहा है। गरबा महोत्सव के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय एवं समाज सेविका श्रीमती रेखा पाण्डेय, द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू, तखतपुर विधायक तथा स्वर्णा लेडीज ग्रुप के संरक्षक धर्मजीत सिंह ठाकुर, समाज सेवक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा रहेंगे। स्वर्णा लेडीज ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मीनू छाबड़ा एवं संयोजक व संचालक श्रीमती उमा पाठक ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण बहुत ही सुंदर गरबा पंडाल, आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गन फायर अंम्ब्रेला डांस, कलर स्मोक एवं अनुशासन है, जिसमें सिर्फ महिला प्रतिभागी ही भाग ले रहे हैं तथा दर्शकों को प्रवेश फैमिली एंट्री पास के माध्यम से ही दिया जाएगा। वहीं इस बार भी गरबा प्रतिभागी स्थानीय के साथ-साथ जिले के अतिरिक्त कोरबा, बिलासपुर लोरमी से आ रहे है, पंजीकृत प्रतिभागियों को 15 दिवस पूर्व से ही प्रशिक्षित सीएमडीए डांस अकादमी विनय और उनके ग्रुप और अक्षिता श्रीवास्तव द्वारा गरबे का अभ्यास कराया जा रहा है। ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारियों के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन के तैयारी मे लगे हुए है। ग्रुप के सक्रिय सदस्य श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव, श्रीमती सतनाम छाबड़ा, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती गुंचा सिंह, श्रीमती छाया सिंह ठाकुर, श्रीमती नीतू भट्ठ, श्रीमती नियती जायसवाल, श्रीमती निमिता ठाकुर, श्रीमती पिंकी दुवा, श्रीमती रजनी दुवा, श्रीमती स्वीना छाबड़, श्रीमती ऋचा सिंग, श्रीमती गुरशीन कौर, श्रीमती प्रीति लूथरा, श्रीमती प्रियंका छाबड़ा, श्रीमती एशना छाबड़ा ने आसपास क्षेत्र के सभी ने नगरवासी गरबा कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**शिकायत:** मंदिर विवाद को लेकर स्थाई समाधान तथा ग्रामीणों को पीटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# कामठी मंदिर विवाद को लेकर विधायक ने ग्रामीणों के साथ की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विधानसभा पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कामठी मंदिर को लेकर दो पक्षों के बीच लगातार हो रहे विवाद व टकराव और उस पर पुलिस प्रशासन द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के साथ की जा रही बेवजह की मारपीट को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के साथ जिला कलेक्टर से मुलाकात की और अपना पक्ष तथा मांग कलेक्टर के समक्ष रखी। उल्लेखनीय है कि नवरात्र पर्व के ठीक एक दिन पूर्व ग्राम कामठी मंदिर में ग्रामीणों द्वारा अपनी वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए पण्डाल लगाया जा रहा था। लेकिन आरोप है कि कुछ लोग हर बार की तरह इस बार भी सनातनी परम्पराओं और पूजा पाठ का विरोध करते हुए दुर्गा पण्डाल को उखाड़ दिया था।

जिसके बाद दोनो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्गा पण्डाल उखाड़ने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने की बजाए स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं व महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई है।

अपनी इसी शिकायत को लेकर मंगलवार को स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक के साथ जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचे थे। इस संबंध में विधायक भावना बोहरा ने कलेक्टर से मुलाकात करने के बाद बताया कि उन्होने कलेक्टर से ग्राम कामठी मंदिर को ले दो पक्षों के बीच लगातार सामने आ रहे विवाद का स्थाई समाधान करने, मंदिर के राजस्व रिकार्ड के अनुसार स्थानीय सनातनी ग्रामीणों को यहां पूजा अर्चना करने से रोकने वालों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने कहा है। वहीं विधायक श्रीमती बोहरा के साथ आए ग्रामीणों ने भी कहा कि वे इस विवाद का स्थानीय समाधान चाहते हैं। उन्होने कहा कि शासन राजस्व रिकार्ड के आधार पर यह स्पष्ट करे की यहां जांच कर मंदिर ग्रामीणों को सौंपे। साथ ही उन्होने ग्रामीणों के साथ अनावश्यक रूप से मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



अपनी मांगों को लेकर विधायक के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नवरात्र पर्व के एक दिन पूर्व हुए विवाद के दौरान पुलिस ने पण्डाल उखाड़ने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। उल्टा स्थानीय ग्रामीणों पर लाठी चार्ज कर गांव के ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं तक को बड़ी बेरहमी से पीटा गया। उन्होने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

## सनातनियों के हर तीज त्यौहार में हो रहा विवाद

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष द्वारा सनातनियों के हर तीज, त्यौहार तथा पर्वों में अनावश्यक रूप से विवाद किया जा रहा है। कभी पर्व विशेष पर मंदिर का गेट बंद कर दिया जाता है तो कभी सनातनियों के धार्मिक आयोजनो में अनावश्यक रूप से व्यवधान उत्पन्न कर विवाद की स्थिति खड़ी की जाती है। लेकिन लगातार हो रही इस तरह कृत्यों के बाद भी पुलिस प्रशासन दोषियों के खिलाफ कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं कर रहा है।



# करंट की चपेट में आए किसान की मौके पर मौत, अपने धान के खेत में डाल रहा था खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपने खेत में खाद डाल रहे एक ग्रामीण किसान की करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार 23 सितम्बर की बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार चारभाटा पुलिस चौंकी अंतर्गत ग्राम वीरेन्द्र नगर निवासी दसरू पिता फिरत लाल पटेल उम्र 45 साल निवासी वीरेन्द्र नगर मंगलवार को अपने खेत में लगी धान की फसल में खाद डाल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान खेत से ग्रामीण लेखराम कौशल पिता कारण लाल कौशल निवासी वीरेन्द्र नगर के खेत तक गया विद्युत तार लूज होकर नीचे आ गिरी, जिसकी चपेट में आने से दसरू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी मृतक के परिजनो और पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका 24 सितंबर को कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका बुधवार 24 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल प्रातः 9:30 बजे सड़क मार्ग से राजभवन रायपुर से प्रस्थान कर भोरमदेव मंदिर पहुंचेंगे। सुबह 11:25 बजे वे लखपति दीदी सहित जिले के प्रख्यात नागरिकों से भेंट व चर्चा करेंगे। पश्चात 12:45 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आकांक्षी ब्लॉक बोड़ला के कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे। राज्यपाल श्री डेका दोपहर 1:45 बजे उप मुख्यमंत्री के निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट करेंगे। दोपहर 1:55 बजे भोजन और आरक्षित रहेगा। राज्यपाल दोपहर 3:00 बजे कबीरधाम से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### 25 सितंबर को बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल

**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कबीरधाम (छ.ग.) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25 सितंबर 2025, गुरूवार, सुबह 10 बजे मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉक ड्रिल का आयोजन छिरपानी एवं भोंदा पूल, तरेगांव रोड, तहसील बोड़ला में किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन तैयारियों का परीक्षण करना और जनता में जागरूकता बढ़ाना है।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का शपथ व सम्मान समारोह सम्पन्न

## समाज की एकता और विकास को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी



अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा कबीरधाम के तत्वाधान में ग्राम पोंड़ी में मंगलवार को भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोपहर 1 बजे से प्रारंभ यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक साबित हुआ, बल्कि समाज की एकता, संगठन और विकास की दिशा तय करने वाला मील का पत्थर भी बना। समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर मुख्य अतिथि, कलेक्टर गोपाल वर्मा अति-विशिष्ट अतिथि व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा अध्यक्षता उपस्थित थें। समारोह में नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। महासभा ने स्पष्ट किया कि यह केवल औपचारिकता नहीं बल्कि समाज के उत्थान, युवाओं के मार्गदर्शन और संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी है। मंच से वक्ताओं ने समाज के विकास को प्राथमिकता देने, शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा नई पीढ़ी को संस्कार और मर्यादा के साथ आगे बढ़ाने की अपील की। समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह सम्मान युवा शक्ति, महिला प्रकोष्ठ और वरिष्ठजन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया। समारोह में यह संदेश दिया गया कि समाज का विकास तभी संभव है जब सभी वर्ग मिलकर संगठन को सशक्त करें। मंच से यह आह्वान किया गया कि शिक्षा, सामाजिक सहयोग, रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण पर सामूहिक प्रयास किए जाएं। जिसमें जिले और प्रदेशभर से समाज-जनों की हजारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। उपस्थित जनसमूह ने नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज की एकता और विकास की नई दिशा का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह आने वाले वर्षों में समाज की नई ऊर्जा, नई सोच और संगठित प्रयासों का प्रतीक सिद्ध होगा। इस दौरान चंद्रशेखर वर्मा, सरोज चंद्राकर, सरोज पटेल, चंद्रिका चंद्राकर, विनय चंद्राकर, जयप्रकाश वर्मा, अम्बिका चंद्रवंशी, रामकुमार चंद्राकर, वीरेन्द्र चंद्राकर, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, महादेव चंद्राकर, शिवनाथ वर्मा, गोकुल चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, योगेश्वर चंद्राकर, मुरली चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, सद्भावना वर्मा, रवि वर्मा एवं रामगोपाल वर्मा सहित समाज के विशिष्ट अतिथि तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## लेटरपैड में मांगी गई संघों से अध्यक्ष-सचिव की जानकारी

**कवर्धा।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक बैठक के बाद आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संघों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान संघ प्रतिनिधियों ने यह अवगत कराया कि समिति की सूचना अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी संघों तक समय पर नहीं पहुँच सकी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निर्णय लिया गया कि भविष्य में बैठक की सूचना सभी संघों तक सुगमता से पहुँचे, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त अधिकारी-कर्मचारी संघों की जिला इकाइयों के अध्यक्ष एवं सचिव की अद्यतन जानकारी संधारित की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि सभी मान्यता प्राप्त संघ अपने लेटरपैड में अध्यक्ष एवं सचिव का नाम, पता और मोबाइल नंबर का विवरण तैयार कर जिला कार्यालय कबीरधाम की स्थापना शाखा (कक्ष क्रमांक-22) को उपलब्ध कराएं। यह व्यवस्था आगामी बैठकों के सुचारू संचालन एवं बेहतर संवाद सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

# अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई, लाखों का अर्थदंड, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले में कलेक्टर गोपाल वर्मा के सख्त निर्देश पर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस सक्रियता से जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लाने के ठोस प्रयास हो रहे हैं।

वनमंडलाधिकारी कबीरधाम से प्राप्त जानकारी एवं जिला खनिज अधिकारी योगेश साहू द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन के 16 प्रकरण दर्ज किए गए थे, वहीं चालू वर्ष 2025-26 में अब तक 35 से अधिक प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। खनिज विभाग द्वारा चालू वर्ष में अब तक रेत परिवहन के 05 प्रकरणों में कार्यवाही कर 28 हजार रूपए अर्थदण्ड वसूला गया है, जबकि पिछले वर्ष 03 प्रकरणों में 38 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया गया था। इसी प्रकार अन्य खनिजों पर भी कार्रवाई की गई है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के अवैध परिवहन व उत्खनन के प्रकरणों में पिछले वित्तीय वर्ष में 18 मामलों पर 3 लाख 59 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया था, वहीं चालू वर्ष में अब तक 04 प्रकरणों में 80 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है।

खनिज मुरूम के मामले में 2024-25 में कुल 06 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 32 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया, जबकि चालू वर्ष 2025-26 में अब तक 05 प्रकरणों में 49 हजार 800 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया गया है। चूना पत्थर पर भी कड़ी निगरानी रखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में अवैध परिवहन के 15 और उत्खनन के 04 प्रकरणों में कुल 7 लाख 65 हजार 280 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया।

इस वर्ष अब तक 04 प्रकरणों में 1 लाख 27 हजार 200 रूपए अर्थदण्ड वसूला जा चुका है। क्वार्टज खनिज के अवैध परिवहन का एक प्रकरण भी वर्ष 2024-25 में दर्ज कर 51 हजार 550 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए विभागीय टीमों को सतत निगरानी और कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि अभियान से अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में प्रशासनिक कार्यवाही का भय व्याप्त है और जिले में खनिजों के संरक्षण एवं सुव्यवस्थित खनन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# चंडी माई धाम गौरमाटी में 211 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रणवीरपुर



जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरमाटी में तीन तालाबों के मध्य प्राचीनकाल से विराजमान स्वयं उद्भुत मां चंडी देवी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में 211 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित श्रद्धालुओं के द्वारा कराए गए हैं। मंदिर समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सिल्हाटी थान खमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम की दक्षिण दिशा में ग्राम के बाहर स्थित सुप्रसिद्ध मां चंडी देवी तीन जलमग्न तालाबों के मध्य अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर विराजमान है जहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। मां चंडी देवी की कृपा और चमत्कार से मनोवांछित फल पाने वाले श्रद्धालु प्रति वर्ष दोनों नवरात्रि पर्व में अपना मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करवाते हैं। मंदिर स्थल का शांत एवं शीतल वातावरण दर्शनार्थियों को सहज ही आकर्षित करता है। नवरात्रि पर्व की प्रथम दिवस से ही दर्शनार्थियों का मंदिर आना प्रारंभ हो गया है जिसकी सेवा और सुविधा के लिए मंदिर समिति के सदस्य गण और ग्रामवासी लगे हुए हैं।

## जीएसटी सुधार देशहित में: कैलाश



**मोहगांव।** भारतीय जनता पार्टी के पाण्डातराई-मोहगांव मंडल उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता के लिए लाभकारी बताया है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में समय-समय पर किए जा रहे सुधारों से जहां व्यापारियों को कर संबंधी जटिलताओं से राहत मिल रही है, वहीं उपभोक्ताओं को भी कई स्तर पर पारदर्शी व्यवस्था का लाभ प्राप्त हो रहा है। कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक मजबूती की ओर निरंतर अग्रसर है और जीएसटी सुधार उसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल राज्यों को पर्याप्त राजस्व प्राप्त हो रहा है बल्कि छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायियों को भी कर प्रणाली में सरलता मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह सुधार रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास की गति को और अधिक तेज करेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण कर संग्रहण की प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हुई है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत आधार पर खड़ी हो रही है। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि भाजपा सरकार सदैव देश और जनता के हित में निर्णय लेती रही है और यही कारण है कि आज भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के व्यापारी वर्ग और युवाओं से अपील की कि वे जीएसटी सुधारों को सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनाएं तथा विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें। चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा संगठन गांव-गांव और गली-गली तक केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है, ताकि देश हित में लिए गए निर्णयों का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे।

**जिले में 3 करोड़ 45 लाख की लागत से बन रहे 14 महतारी सदन**

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने जिले के 5 महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को धमतरी जिले में आयोजित कार्यक्रम से महतारी सदन योजना के अंतर्गत निर्मित महतारी सदन भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया गया, जिनमें से कबीरधाम जिले के 5 महतारी सदन भी शामिल हैं। इनमें विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत 4 तथा पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत 1 भवन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ग्राम सम्पदा मोबाईल ऐप का शुभारंभ किया गया। इस ऐप के माध्यम से गांव में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध होगी। जिले में 3 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से 14 महतारी सदन बन रहे है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कवर्धा विकासखंड के ग्राम बिरकोना में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि और दीदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। जिले के पांचों महतारी सदन के लोकार्पण में अपने स्थल में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित दीदियां और आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वरोजगार, प्रशिक्षण एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना भर नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए गतिविधियों का केंद्र और आत्मनिर्भरता की नई राह खोलने वाला प्रेरणास्त्रोत भी है। वहीं उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 200 से अधिक महतारी सदनों की स्वीकृति दी गई थी, वहीं इस वर्ष 166 से अधिक महतारी सदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इन भवनों के निर्माण से क्लस्टर स्तर पर बैठक की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। साथ ही प्रत्येक महतारी सदन में दुकानों का निर्माण भी किया गया है, जिससे भवन के संचालन एवं देखरेख का खर्च स्वयं पूरा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से महतारी वंदन योजना की राशि तथा वृद्धा पेंशन की राशि गांव में ही आसानी से प्राप्त की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं और हितग्राहियों को सुविधाजनक सेवा प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए तरेगांव जंगल पुलिस टीम द्वारा नाबालिग का अपहरण एवं पाक्सो एक्ट से संबंधित गंभीर प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना तरेगांव जंगल क्षेत्र की एक महिला द्वारा गत 8 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री आयु 16 वर्ष रात्रि के समय घर से बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास व रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने धारा 137(2), 64(2)(एम) भारतीय न्याय संहिता एवं 06 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा अपहता को ग्राम वाघोली, जिला पुणे (महाराष्ट्र) से परिजनों की उपस्थिति में दस्तयाब किया गया। महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता से पूछताछ कर कथन दर्ज किए गए, जिसमें आरोपी भुपेष कुमार पिता श्रीराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी अमेरा थाना तरेगांव जंगल, जिला कबीरधाम के विरुद्ध अपहरण एवं पाक्सो एक्ट की धाराओं में अपराध घटित करना पाया गया। आरोपी को थाना प्रभारी निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 23 सितम्बर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गई है। इस कार्यवाही में थाना तरेगांव से सहायक उप निरीक्षक बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक वासिम खान, आरक्षक विलकेश कोसरिया आरक्षक, टेकलाल धुर्वे, महिला आरक्षक, सीमा गन्धर्व का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि इस प्रकार के मामलों में बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करें।